लिखित परीक्षा के लिए अनुदेशः–

1. लिखित परीक्षा में ओएमआर आधारित भाग–1 साथ में भाग–क,ख,ग एवं घ प्रश्नपत्र और भाग–2 के वर्णनात्मक प्रश्न होंगे। वर्णनात्मक प्रश्न भाग के लिए कोई न्यूनतम अंक नहीं होंगे. भाग–2 में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंको को चयन के लिए अंतिम मैरिट में जोडा जाएगा. भाग–1 (ओएमआर आधारित) और भाग–2 के कुल अंको के आधार पर मैरिट तैयार की जाएगी. तथापि सभी उम्मीदवार, जो भाग–1(ओएमआर आधारित) में अर्हता प्राप्त करते हैं और निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें द्वितीय चरण यथा पीएसटी/प्रलेखों की जांच के लिए बुलाया जाएगा.

2. उम्मीदवारों को कम से कम एक फोटो लगा पहचान का सबूत जैसे कि ड्राईविंग लाइसेंस, मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, विश्वविद्यालय/कालेज से जारी पहचान पत्र, आयकर पैन कार्ड मूल रूप में अपनी पहचान उपलब्ध कराने के लिए परीक्षा केंद्र में लेकर आना चाहिए अन्यथा उन्हें परीक्षा/भर्ती के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

3. लिखित परीक्षा प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी तैयार किया जाएगा उम्मीदवारों के पास हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर देने का विकल्प होगा. उम्मीदवार द्वारा चुनी गयी भाषा विकल्प कोड अर्थात हिंदी अथवा अंग्रेजी का ओएमआर उत्तर पर्णी में उपयुक्त स्थान पर सही प्रकार उल्लेख किया जाना चाहिए अन्यथा ओएमआर उत्तर पर्णी का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे हिंदी/अंग्रेजी में उत्तर दें परतुं वे एक भाग हिंदी में और अंग्रेजी में अथवा विलोमतः उत्तर नहीं दे सकते।

4. प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध करवाई गई ओएमआर शीट में दिये जायेंगे.

5. उम्मीदवारों को अपने अनुक्रमांक प्रश्न पत्र पुस्तिका और ओएमआर उत्तर पर्णी दोनों में लिखने चाहियें.

6. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और एक समान अंको के हैं.

7. प्रत्येक प्रश्न पुस्तिका की क्रम संख्या और श्रंखला कोड होती है. उम्मीदवार को उन्हें दी गई प्रश्न पुस्तिका की क्रम संख्या और श्रंखला कोड का ओएमआर शीट में सही प्रकार उल्लेख करना चाहिये.

8. जिस ओएमआर उत्तरपर्णी में उम्मीदवार का नाम, अनुक्रमांक, भाषा विकल्प कोड, श्रेणी, प्रश्न पुस्तिका श्रंखला संख्या, श्रंखला कोड, हस्ताक्षर आदि इस उद्देश्य के लिए चिन्हित उपयुक्त कॉलम/बॉक्स में पूर्ण और सही प्रकार से नहीं होंगे उनका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उन्हें "शून्य" अंक प्रदान कर दिये जायेंगे. इस संबंध में विभाग द्वारा किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.

9. प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर विकल्प होंगे. इनमें से उम्मीदवार को प्रत्येक प्रश्न के लिए सही उत्तर का चयन करना होगा और केवल एक विकल्प को घना करते हुए सही उत्तर को चिन्हित करना होगा.

10. यदि एक से अधिक गोले को घना किया गया तो उत्तरपर्णी का बिलकुल भी मूल्यांकन नहीं किया जायेगा.

11. उम्मीदवार को गोले को पूर्णरूप से भरने से पहले सोचना चाहिये और स्पष्ट निर्णय करना चाहिये.

12.ओएमआर उत्तरपर्णी और प्रश्न पुस्तिका को परीक्षा हाल छोडनें से पहले पर्यवेक्षक को सौंपना होगा अन्यथा आवेदक को अयोग्य ठहराया जा सकता है.

13. रफ कार्य के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जायेगा. उम्मीदवार को केवल उस स्थान का प्रयोग करना चाहिये और अन्य स्थान/पेपर आदि का इस्तेमाल नहीं करना चाहिये.

14. उम्मीदवार को मांगी गई विशिष्ट सूचना को छोडकर उत्तरपर्णी पर कोई असंगत बातें नहीं लिखनी चाहिये. यदि वह ऐसा करता है तो उसकी उत्तरपर्णी अवैद्य हो जायेगी और उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा.

15. परीक्षा केंद्र के भीतर कैलकुलेटर/सैल फोन/कोई अन्य कम्प्यूटिंग/इलेक्ट्रानिक उपकरण की अनुमति नहीं है.

16. यदि किसी उम्मीदवार के पास मोबाइल फोन अथवा कोई अन्य प्रकार का इलेक्ट्रानिक/वायरलैस संचार उपकरण परीक्षा हाल में पाया गया तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी.

17.नकल करते हुए या दूसरों की मदद करते हुए पाये गये उम्मीदवार को सीधे अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा.

18.उत्तरपर्णी का मूल्यांकन कम्प्यूटरीकृत होता है और किसी भी स्थिति में पुनः मूल्यांकन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा.

19.उम्मीदवारों को ओएमआर शीट और प्रश्न पुस्तिका शीट के कॉलम सही प्रकार से भरने के लिए 15 मिनटों का समय दिया जायेगा.